हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

'प्रेस नोट'

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2019

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा के निर्देशानुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन दिनांक 16.11.2019 व 17.11.2019 को करवाया जा रहा है। परीक्षा से सम्बन्धित सूचना बुलेटिन (Information bulletin) बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in व http://htetonline.com पर उपलब्ध है। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन वैबसाईट http://htetonline.com पर दिनांक 07.10.2019 (सांय 4:00 बजे) से दिनांक 18.10.2019 (रात 12:00 बजे)तक कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व परीक्षार्थी सूचना बुलेटिन (Information bulletin) में दर्शाए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाईन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद परीक्षार्थी पुष्टिकरण (Confirmation page) की प्रति एवं प्रवेश–पत्र की दो प्रतियां का प्रिन्ट लेना सुनिश्चित कर लें। प्रवेश–पत्र की एक प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा करवाई जानी है।

परीक्षार्थी अपने विवरणों अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, पहचान प्रमाण व संख्या और विषय के चयन (लेवल 2 व 3) में सुधार/शुद्धि भी दिनांक 19.10.2019 से 23.10.2019 तक ऑनलाईन कर सकते है। दिनांक 18.10.2019 उपरान्त ऑनलाईन आवेदन तथा दिनांक 23.10.2019 उपरान्त ऑनलाईन विवरण सुधार की अनुमति नहीं होगी व इस सन्दर्भ में कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी। लेवल, जाति वर्ग व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण (Physically challenged) विकल्प में कोई परिवर्तन/सुधार की अनुमति नहीं होगी। फैक्स, ई–मेल, पत्र इत्यादि अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करता है, तो उसका आवेदन/अभ्यर्थिता रदद् कर दी जाएगी। परीक्षार्थी नवीनतम अपडेट के लिए वैबसाईट http://htetonline.com का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें ताकि वे किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रह जाएं।

दिनांक 07.10.2019

Sd/-
अध्यक्ष